राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

—

कोरोना वैश्विक महामारी में राज भवन से सिविल सोसायटी के माध्यम से मदद

राज्यपाल ने जरूरतमंदों को दिया भोजन

जयपुर , 28 मार्च। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार को राज भवन से सिविल सोसायटी के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन देने की शुरूआत की। राज्यपाल श्री मिश्र ने आज प्रात राज भवन में कुछ जरूरतमंदों को भोजन के पैकिट प्रदान कियें। राज्यपाल ने इस दौरान सोशल डिस्टेसिंग के नियमों का पूरा पालन किया।

राज्यपाल श्री मिश्र को आज भोजन के एक हजार पैकिट राजस्थान वैश्य फैडरेशन ने उपलब्ध कराये। यह पैकिट शहर के विभिन्न भागों में जरूरतमंदो को वितरित किये गये। कोरोना वैश्विक महामारी के इस संकट के समय में राज्यपाल ने सामाजिक व्यापारिक संगठनों को सहयोग करने की अपील की थी। इस मौके पर राजस्थान वैश्य फैडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एस एस अग्रवाल, महामंत्री श्री गोपाल गुप्ता, श्री ध्रुव दास अग्रवाल और श्री गणेश राणा भी मौजूद थे।

राज्यपाल श्री मिश्र कोरोना के बारे में राज्य पर पूरी नजर रखे हुए है। राज्यपाल लगातार मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से इस बारे में चर्चा कर रहे हैं। गुरूवार को राज्यपाल ने वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से राष्टपति और उपराष्टपति को राज्य में कोरोना के हालातों के बारे में जानकारी दी।

— — —

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक(जनसम्पर्क) राज्यपाल, राजस्थान